संक्षिप्त

साईबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

बौंली-बामनवास। भरतपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश एवं सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकुमार कस्वा एवं सीओ सवाई माधोपुर शहर उदय सिंह मीणा के सुपरविजन में चलाए जा रहे एंटीवायरस अभियान ऑपरेशन फील्ड के तहत सूरवाल थाना प्रभारी जयप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल हैड कांस्टेबल मदनलाल, कांस्टेबल रामभजन व भजनलाल की टीम ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अशोक कुमार प्रजापत उम्र 18 वर्ष निवासी मैनपुरा थाना सूरवाल जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एंड्रॉयड मोबाइल मय तीन सिम के बरामद की गई है। आरोपी के द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रुपए डबल करने व अन्य तरीकों से झांसा देकर ग्राहको से जारी स्क्रीन प्राप्त रुपए के साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

मालपुरा पालिका बोर्ड की बैठक आज

मालपुरा। नगरपालिका बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक आज सोमवार 20 जनवरी को पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी की अध्यक्षता मे होगी आयोजित। पालिका सभागार मे दोपहर 3 बजे होने वाली बैठक मे शास्त्री नगर विस्तार योजना व घाटी रोड राजकीय अस्पताल के सामने भूखण्ड निलामी करने पर विचार,पशु चिकित्सालय भवन व आबकारी विभाग कार्यालय एवं नगरपालिका नवीन कार्यालय निर्माण हेतु भवन के लिये आबादी से बाहर भूमि उपलब्ध करवाने, ब्रह्म तालाब व झालरा तालाब के सौन्दर्यकरण एवं विकास के साथ-साथ शहरी क्षैत्र मे विकास को लेकर पार्षदो से चर्चा एवं रायशुमारी मे लिये जायेगे महत्वपूर्ण निर्णय।

नारायण सहाय बने अध्यक्ष

मालपुरा । कुमावत धर्मशाला विकास समिति की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को डिग्गी धर्मशाला मे सम्पन्न हुई। बैठक मे नारायण सहाय किरोडीवाल को समिति अध्यक्ष चुना गया। एडवोकेट नितिल कुमावत ने बताया कि निर्वतमान अध्यक्ष देवीसहाय बडीवाल ने समय की व्यवस्तथा एवं स्वास्थ्य कारणो के चलते अध्यक्ष पद से अपना त्याग पत्र समिति व समाज को सौंपा। जिसे समिति व समाज ने स्वीकार कर अगले छः महीने के लिये नारायण सहाय किरोडीवाल को सर्व सम्मति से चुना गया अध्यक्ष।

टाक क्षत्रिय समाज की हुई बैठक

मालपुरा । अखिल भारतीय टाक क्षत्रिय महासभा की डिग्गी मे बैठक आयोजित की गई। अध्यक्ष मनोज कुमार टाक की अध्यक्षता मे आयोजित हुई बैठक मे समाज के लिये लिये गये भूखण्डो के साथ-साथ आय-व्यय का ब्यौरा बैठक मे रखा गया। रजिस्ट्री करवाने सहित अन्य मुद्दो पर चर्चा की गई। बैठक मे क्षैत्रिय मंत्री अरविन्द टाक,उपाध्यक्ष टीकम टाक,कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार,सत्यनारायण,गुलाब चन्द,नोरतमल,सरस्वती टाक,पूनित सहित समाज बंधु मौजूद रहै।

पुलिस कोतवाल मीणा के कार्य की सराहना की

राजगढ़। धार्मिक आस्था के अवधूत दत्ता आश्रम में पुलिस कोतवाल रामजी लाल मीणा की विदाई पार्टी में उनके कार्य व्यवहार की सभी ने तारीफ की। आश्रम के महंत अमन भारती महाराज की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मृदुभाषी एवं कुशल व्यक्तित्व के धनी मीणा की कार्य प्रणाली एवं व्यवहार कुशलता की सभी वक्ताओं ने सराहना की। इस अवसर पर के प्रांतीय सलाहकार खेम सिंह आर्य, अध्यक्ष प्रदीप महावर, पदमा गोयल, नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार, राहुल दीक्षित, प्रीति विजय, नीरज शर्मा, राम रतन तांबी, अजय यादव, मदन लाल शर्मा मौजूद रहे।

अनिल चौधरी प्रभारी नियुक्त

मनोहरपुर। राजस्थान यूथ कांग्रेस की नवगठित कार्यकारिणी में अधिवक्ता अनिल चौधरी को तथा आमेर विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है! इस पर चौधरी ने राजस्थान युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शाहिद, प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पुनिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी अरबाब ख़ान को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए आभार जताया है।

'जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे'

पावटा। आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर शनिवार को विधायक आवास ग्राम भांकरी में नवनियुक्त पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी व प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत कैरोडी के नेतृत्व में आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम पर चर्चा को लेकर भाजपा पदाकारियों व कार्यकर्ताओ की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी व विकास सिंह शेखावत कैरोडी ने बताया कि आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार से पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड जनता के बीच जाएंगे व जनता की जो स्थानीय समस्याएं हैं, मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं हैं, उनको सुनेगे। जनता से उनकी समस्याओं पर चर्चा कर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु काम करेंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी व विकास सिंह शेखावत कैरोडी ने कहा कि कार्यकर्ता पूर्ण लगन और निष्ठा से बूथ स्तर तक जुट जाएं तथा गांव-गांव पहुंचकर आमजन से चर्चा करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तृत रूप से बताएं। समय-समय पर आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के संबंध में आगे की बाते तय की जाएंगी।

विकास सिंह शेखावत कैरोडी का कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर उनका स्वागत किया।

वहीं भाजपा पदाकारियों व कार्यकर्ताओ द्वारा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी व विकास सिंह शेखावत कैरोडी का कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। जिस पर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी व विकास सिंह शेखावत कैरोडी ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के निर्देशों का पालन करते हुए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।

साथ ही उन्होंने अन्य संगठनात्मक दायित्वों के निर्वहन का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी एवं प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत, विधायक प्रतिनिधि जगदीप धनकड एवं सरदिप धनकड, पावटा पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, बद्री प्रसाद चौहान, हितेंद्र लाटा, जीतू राठी, मनोहर सिंह, सुरेंद्र पलसानिया, गिरिराज ओला, महेंद्र ओला, जगदीश चौधरी, पुष्कर बंसल, दिलीप योगी, रामसिंह सिसोदिया, राहुल यादव, गिरिराज बोहरा, रामनिवास, सुरेश, दिनेश, मुकेश, राजेश, संदीप, प्रदीप सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

■ आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर विधायक आवास पर भाजपा पदाकारियों व कार्यकर्ताओ की बैठक

गौशाला में प्रसादी कार्यक्रम हुआ

फुलेरा। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत काचरोदा के बड़ की ढाणी स्थित कृष्ण गोपाल गौशाला परिसर में रविवार को विशाल भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पूर्व गौशाला परिसर में स्थित बालाजी मन्दिर का पुष्प मालाओं से विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। साथ ही गौ माता की भी पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात स्थानीय कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के अन्त में महाआरती कर प्रसाद वितरित किया गया।भामाशाहों के सहयोग से इस गौशाला का निर्माण करवाया गया है। इसके साथ ही आगे बताया कि गौशाला के संचालन के लिए स्थानीय प्रबुद्धजन और भामाशाह के द्वारा समय-समय पर सहयोग किया जा रहा है। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्थानीय सरपंच पुष्पा कुमावत ने कहा कि गौ सेवा सच्ची सेवा है। ऐसे नेक कार्यों में हमें बढ़ चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए। इस मौके पर गोवर्धन दास महाराज, महन्त सत्यनारायण सैनी महाराज, समाजसेवी महेश नेमीवाल, वार्ड पंच मंजू देवी, हरीश बड़ीवाल, पवन कुमार कुमावत सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहें।

छांपाला वाला भैंरू जी का 16वाँ वार्षिकोत्सव समारोह 30 को

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कल्याणपुरा कुहाड़ा स्थित अरावली की पहाडियों में बने छांपाला वाला भैंरू जी मंदिर का 16 वाँ वार्षिकोत्सव समारोह आगामी 30 जनवरी गुरूवार को बड़े ही धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर विशाल व भव्य मेला, भण्डारा व जागरण का आयोजन होगा। मेले में देश भर से लाखों श्रद्धालू पहुँचकर भैंरू बाबा के दर्शन करते है। मेले की तैयारियों को लेकर कुहाड़ा, पदमा की ढ़ाणी, कल्याणपुरा कलां व पंवाला के समस्त पंच पटेल सहित ग्रामीणों ने बैठक कर 30 जनवरी को आयोजित होने वाले भैरू बाबा के 16 वें वार्षिकोत्सव व मेले की रूपरेखा और तारीख तय की। जयराम जैलदार ने बताया कि 29 जनवरी को विशाल कलश यात्रा व 30 जनवरी को भैंरू बाबा का लक्खी मेले व वार्षिकोत्सव का आयोजन होगा। मेले में राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, दिल्ली से भी श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। मेले को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसको लेकर पिछले एक माह से ग्रामीण जन सहयोग से भंडारे की तैयारियों में जुटे हुये है। वहीं भण्डारे के लिये एक सप्ताह से ग्रामीणों द्वारा जेसीबी-थ्रेसर की सहायता से चूरमा बनाया जाता है। भण्डारे में लाखों श्रद्धालू भैंरू बाबा की प्रसादी पायेगें। जिनके लिये करीब 515 क्विंटल (51 हजार 500 किलो) चूरमा तैयार किया जा रहा है। जिसे बनाने के लिये जेसीबी, ट्रैक्टर ट्रॉलियां व थ्रेसर काम में लिये जाते हैं।

यह मेला अब प्रदेश में इस खास अंदाज में बनाये जाने वाले चूरमे के कारण ही जाना जाता है। मेले में आसपास के ग्रामीण अपने स्तर पर मैनेजमेंट संभालते हैं। मान्यता है कि यहां भैंरू जी को विशेष प्रसादी में चूरमे का भोग लगाया जाता है। गांव के प्रत्येक घर से एक व्यक्ति रोजाना अपना समय निकालकर यहां अपनी सेवा दे रहा है। एक समय में यहां कम से कम 100 लोगों की टीम हमेशा रहती है। मेले से एक दिन पूर्व 29 जनवरी को चोटिया मोड़ से मंदिर परिसर तक लगभग 03 किलोमीटर की कलश यात्रा निकाली जायेगी। भक्तों पर मेला प्रशासन कमेटी की ओर से हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की जायेगी। यह मंदिर कोटपूतली-सीकर स्टेट हाईवे पर है। इसके लिए मुख्य सडक से 02 किलोमीटर अंदर जाना होता है। इन दो किमी में 03 भव्य दरवाजों से गुजरना पड़ता है। इसके बाद तलहटी से एक पहाड़ पर चढना होता है। करीब 116 सीढियां चढकर मंदिर परिसर तक पहुंचा जा सकता है। मंदिर परिसर में प्राचीन भैरव बाबा की मूर्ति स्थापित हैं। इनके साथ ही सवाई भोज, शेड माता व हनुमान जी की मूर्ति स्थापित हैं।

■ जेसीबी-थ्रेसर से बनाया जाता है चूरमा, ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर ले जाया जाता है सामान

कार सवार चालक ने बाइक सवार चालक को मारी टक्कर

मनोहरपुर। धूलेश्वर महाविद्यालय के पास में स्विफ्ट कार व मोटर साइकिल में टक्कर हो जाने से मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवक घायल हो गए।

घायल युवकों को तुरंत उपचार लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोहरपुर ले जाया गया, जहां से उन्हें निम्स हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है।ओर इस समस्या को लेकर कई बार टोल प्लाजा से इस मार्ग पर टोल टैक्स का बूथ लगाने की मांग की गई थी।उन्होंने बताया कि इस मार्ग से भारी वाहन व छोटे वाहन का आना जाना लगा रहता है।इस घटना से नाराज लोगो ने आक्रोश जताते हुए कुछ देर के लिए रास्ते को जाम कर दिया।इस घटना पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।जिससे लोगों में काफी रोष व्याप्त है। सूचना पाकर घटना स्थल पर मय जाप्ते के एएसआई सतवीर सिंह पहुंचे।घटना का जायजा लिया।इस दौरान थाना पुलिस के एएसआई सतवीर सिंह ने बताया कि नदी की ओर से बाइक सवार तीव्र गति से आ रहे थे।

भूपेंद्र यादव ने शहीद सरदार सिंह की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

अलवर। केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव आज बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के गांव खोहर पहुंचे और शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद सरदार सिंह राघव की 62वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देकर नमन किया।

इस दौरान भूपेंद्र यादव ने गांव खोहर और शहीद के परिजनों को धन्य बताते हुए कहा कि शहीद सरदार सिंह ने देश के लिए ही नहीं बल्कि परमार्थ के लिए भी अपना जीवन न्यौछावर किया है। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे दौर आये जब भारत की शांति सेना ने दुनिया के अनेक देशों में जाकर अपने शौर्य से इतिहास रचा है। अफ्रीका में 1960 में शिकागो देश बेल्जियम से आजाद हुआ था तब संयुक्त राष्ट्र संघ की जो शांति सेना भेजी गई उसमें भारत के जवानों को भी भेजा गया। दुनिया में मानवीय जीवन मूल्यों को स्थापित करने, मानव अधिकारों की रक्षा करने, लोकतांत्रिक जीवन मूल्य को स्थापित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ की सेना में जो भारतीय सेना की टुकड़ी भेजी गई उसमें स्वर्गीय शहीद सरदार सिंह जी भी गए थे। ऐसे में उन्होंने वहां जाकर जो शहादत दी, उसे हमेशा के लिए याद रखा जाएगा। इससे पूर्व भूपेंद्र यादव ने खोहर गांव में ई-लाइब्रेरी भवन का भी उद्घाटन किया।इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, बहरोड़ प्रधान सरोज बस्तीराम यादव, अलवर जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष मोहित यादव, इंदर सिंह यादव, नीलम यादव, अंजली यादव सहित अनेक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव शहीद की 62वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देकर नमन किया।

जाती से बहिष्कृत करने पर पुलिस ने लगाई एफआईआर, कोर्ट ने लिया प्रसंज्ञान

चाकसू। न्यायालय महानगर मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 19 चाकसू ने समाज से बहिष्कार करने के मामले में प्रसंज्ञान लेते हुए आरोपियो के खिलाफ मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। मामला चाकसू निवासी पीडित फकरुद्दीन खान नागौरी ने खुद के परिवार को जाति से बहिष्कार करने के मामले में चाकसू थाने एफआईआर दर्ज करवाई गई थी, जिसमे अनुसंधान अधिकारी एएसआई मनमोहन बैरवा द्वारा मामले को झूठा बताते हुए क्लोजर रिपोर्ट न्यायालय मे पेश की थी, जिसके खिलाफ पीड़ित द्वारा न्यायालय मे प्रोटेस्टेंट पिटिसन दायर की गई थी। जिसके बाद न्यायालय द्वारा प्रसंज्ञान लेते हुए समाज से बहिष्कार करने वाले नागौरी समाज के सभी आरोपी पंचो के खिलाफ मुकदमा चलाने के आदेश दिए गए है।

वरिष्ठ अधिवक्ता ऐपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नागौरी समाज के पंचों द्वारा एक परिवार को जाती से बहिष्कृत करने के मामले चाकसू पुलिस के अनुसंधान अधिकारी एएसआई मनमोहन बैरवा द्वारा मामले को बंद करने को लेकर लगाई गई एफआर पर प्रसंज्ञान लेते हुए पुलिस द्वारा पेश की गई एफआर को न्यायाधीश कंचन सिंह राजावत ने अस्वीकार करते हुए अभियुक्त बुन्दू खां नाकेदार, सदर समीन खा, जुमरदिन खां, सद्दीक खां भाटी, गुलशेर खां व बुन्दू नागौरी, के खिलाफ मुकदमा चलाने के आदेश दिये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के वार्ड संख्या 22 निवासी फकरुद्दीन नागौरी ने 11 मई 2023 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। दर्ज शिकायत में बताया था कि मेरे छोटे भाई असलम पुत्र सब्बू खान मोहल्ला नागोरियान का विवाह शबनम पुत्री मुराद खान निवासी सिरोंज्या की ढाणी चाकसू के साथ समाज के रीति रिवाज परिवार सहित सामाजिक लोगों की मौजूदगी में संपन्न हुआ था।

'समाज के सभी रचनात्मक कार्यक्रम एवं प्रत्येक समाजबंधु की सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिये

दौसा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव संदीप शमां ने कहा कि समाज के सभी रचनात्मक कार्यक्रम एवं प्रत्येक समाजबंधु की सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिये ताकि समाज की उत्तरोत्तर तरक्की हो सके।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव संदीप शर्मा रविवार को परशुराम धर्मशाला में नवनिर्मित कमरे एवं ट्यूब बैल के शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे। उन्होने कहा। कि सामाजिक सरोकार का अर्थ है, समाज की समस्याओं को पहचाना और उसके समाधान कर प्रयास करना करना है। समाज माज के प्रत्येक व्यक्ति से हम लगातार संवाद करते रहेगें तथा उनकी समस्याओं को लगातार समाधान करते रहेगें तो समाज में सामाजिक समरसता भी स्थापित होगी तथा जरुरतमंद समाज बंधु की हम मदद। भी कर कर पायेगें। उन्होने कहा कि समाज में रचनात्मक कार्यक्रम बहुत होते है, लेकिन इन आयोजनों में समाजबंधुओ की सहभागिता काफ कम होती है, हमे ऐसे प्रयास करने चाहिये कि समाज के प्रत्येक आयोजन एवं कार्यक्रम में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सहभागिता सुनिश्चित हो, इसके लिए विशेषकर युवाओं को प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि दौसा में परशुराम धर्मशाला निर्माण में अनेक समाज बंधुओं ने सहयोग किया, जिसके परिणामस्वरूप आज दौसा में ब्राह्मण समाज के युवाओ के। लिए धर्मशाला एवं छात्रावास बनकर तैयार है। उन्होने कहा कि इस धर्मशाला एवं छात्रावास संचालन के लिए प्रत्येक समाजबंधुओ की जबावदेही तय करनी होगी, प्रत्येक परिवार से सहयोग लेना होगा, जब व्यक्ति सहयोग देगा तो उसकी भावना भी जुड़ेगी तथा यो व्यक्ति किसी भी समय यहां की व्यवस्थाओ को देखने आ सकता है साथ ही संचालन समिति के ये पुष्छ सकता है कि मेरे द्वारा दिये जा रहे सहयोग का कहा उपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपने प्रतिभायें ऐसी है जो आर्थिक अभाव में दम तोड़ रही है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव संदीप शर्मा ने शिलान्यास किया।

सार-समाचार

शिक्षा पर जोर देने का किया आव्हान

चाकसू। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर चाकसू की ओर से घुमन्तू जाति उत्थान न्यास के निमित्त आज मातृशक्ति की बैठक रखी गई है।जिसमे मुख्य वक्ता महावीर प्रसाद क्षेत्रिय घुमन्तू जाति कार्य संयोजक रहे। महावीर प्रसाद ने अपने वक्तव्य में घुमन्तु समाज बन्धुओ से कहा की घुमन्तु समाज का गौरवशाली अतीत रहा हैं और यह समाज बहुत बलशाली और दृढ़ इच्छाशक्ति रखता है उन्होंने भगवान हनुमानजी के जीवन का वृतांत देते हुए और महापुरुष महाराणा प्रताप,शिवाजी महाराज और माता अहिल्या बाई के बारे में कथा के रूप में समाज का एकीकरण और मज़बूत कैसे किया जा सकता है और घूमन्तु जाति पहचान पत्र एवं अन्य सरकारी दस्तावेज स्वालंबन के बारे में उपस्थित लोगों जानकारी देते हुए कुटूम्ब परिवार एवं अपने इष्ट देव,कुल देवी देवताओ की पूजा और साक्षरता के संबंध में बच्चों की शिक्षा पर जोर देने का आव्हान समाज से किया। इस मातृशक्ति बैठक में लगभग 50 से ज्यादा मातृशक्ति सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में गाडियां लुहार,बागरिया, बंजारा, कंजर, सैनी, प्रजापति रावणा राजपूत जाति बिरादरी की मातृशक्ति एवं पुरुषों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जुगल किशोर राजावत पार्षद अध्यक्ष रावणा राजपूत समाज चाकसू, कृष्णा सैनी नगर अध्यक्षा भाजपा चाकसू एवं डॉ शंकर वैध और नगर टोली और नगर घुमंतू जाति संयोजक भी उपस्थित रहे।

लाखों रुपये के आभूषण चोरी

फुलेरा । फुलेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे की जगदम्बा कॉलोनी में एक लेक्चरर के सूने मकान पर चोरों ने धावा बोल दिया। परिवादीया अनीता पीटर्स ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से बिमार चल रही है। इसके चलते वह अपने इलाज के लिए जयपुर गई हुई थी। इसी बीच उन्हें सोमवार को सुबह उनके किरायेदार द्वारा मकान का ताला टूट जाने की सूचना मिली। जिस पर वह जयपुर से लौटी तो देखा कि मकान के ताले और अलमारी के लॉकर टूटे हुए है और सामान बिखरा हुआ पड़ा है। साथ ही उनकी अलमारी में रखे हुए लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण गायब है। इसके अलावा परिवादीया ने यह भी बताया कि लाखों रुपये के आभूषण चोरी करने के बाद वहीं कमरे में बैठकर काजू बादाम भी खाए है। वहीं परिवादीया ने आगे बताया कि उक्त मामले की स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का मौका मुआयना किया और आस पास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। वहीं स्थानीय वासियों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से चोरों के हौंसले बुलन्द है और लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री बनाई जा रही, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौन

गोविंदगढ़ /अलवर । गोविंदगढ़ कस्बे के भगवती मोहल्ले से गैस इंडियन एजेंसी तक में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लगभग 300 मीटर की सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है मोहल्ले वालों ने बताया कि ठेकेदार डीग का रहने वाला है मीडिया कर्मी द्वारा कनिष्ठ अभियंता प्रदीप कुमार द्वारा बताया गया एजेंसी संवेदक का नाम गौतम एंड कंपनी बताया गया रोड की स्वीकृत राशि के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि मुझे याद नहीं है देखना पड़ेगा गौतम एंड कंपनी द्वारा पूर्व में भी गोबिंदगढ़ क्षेत्र में सीसी रोड बनाए गए वह भी घटिया सामग्री से बनाए गए हैं उन सभी की क्वालिटी लैब के उच्च अधिकारियों से जांच कराई जावे हाल में शीशी रोड बनाया जा रहा है थिकनेस , पीसीसी ,लेवलिंग तक सही नही है सीमेंट की मात्रा ना के बराबर है बारिश का पानी घरो के सामने भर रहा है। सड़क घटिया सामग्री से बनाई जा रही है पार्षद धीरज ने बताया है भगवती गली मोहल्ले वासियों का कहना है कि हमारा रोड ठीक-ठीक था कमीशन खोरी के कारण अच्छे भले रोड़ को पुनः बनाने का प्रपोजल बना दिया गय माप डंडों के अनुसार कार्य नहीं कर रहा मोहन भगवती एडवोकेट सोनू धीरज नरेंद्र कुमार रामकुमार पार्षद धीरज खुराना पार्षद मैं बताया कि ठेकेदार घटिया सामग्री का उपयोग कर रहा है

निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

टोंक। पारसमल धर्मचंद बिलासपुरिया चौरिटेबल आयुर्वेदिक औषधालय पुरानी टोंक के तत्वाधान में निशुल्क मेगा मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सा परामर्श व जाँच शिविर का आयोजन रविवार को चंद्रप्रभु दिगंबर जैन तेरापंथ ट्रस्ट भवन अजमेर वालों की कोठी पुरानी टोंक में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रवक्ता राजेश अरिहंत ने बताया कि शिविर के मुख्य अतिथि अजीत सिंह मेहता पूर्व विधायक रहे उक्त शिविर में दीप प्रज्वलन अजीत सिंह मेहता पारस कुमार जैन पूर्व जिला न्यायाधीश, लक्ष्मी देवी जैन पूर्व सभापति नगर परिषद टोंक, सुरेश चंद जैन पूर्व डी.जीएम एवं अशोक कुमार जैन पूर्व ए.जी.एम आई.सी.आई.सी.आई बैंक, मोहम्मद उमर खान, रमेश छाबड़ा अध्यक्ष जैन समाज सुरेंद्र जयपुरिया अध्यक्ष दिगंबर जैन तेरापंथ ट्रस्ट तेजमल जैन एडवोकेट, नीलिमा सिंह प्रिंसिपल सुधा सागर पब्लिक स्कूल टोंक, रेखा जैन महामंत्री महासमिति ,ललित जैन जयपुर,श्याम जैन एडवोकेट, विनोद बाकलीवाल मुख्य समन्वक,एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा शिविर का उद्घाटन किया गया प्रीति जैन पायल जैन ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया।

कम्बल पा कर खिले निराश्रितों के चेहरे

शाहपुरा । एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से सामाजिक संस्था आर के ग्रुप जन सेवा समिति की ओर से रविवार को शहर के नारायण स्मृति पार्क में समिति अध्यक्ष रोहिताश भडाणा व सचिव रामावतार गुर्जर के नेतृत्व में जरूरतमंदों को निःशुल्क कम्बल वितरण कार्यकम आयोजित हुआ। इस दौरान करीब 200 लोगों को कंबल वितरण किए गए। समिति अध्यक्ष भडाणा ने कहा कि गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश अगर सफल हो जाए तो यही इंसानियत है। भड़ाना ने कहा कि हर गरीब को सर्दी से बचाना संस्था का पहला धर्म है। नगरपरिषद सभापति बंशीधर सैनी ने समिति कार्यकर्ताओं का हौसला अफजाई करते कहा कि आर के ग्रुप जन सेवा समिति हमेशा से ही गरीब, असहाय लोगों की मदद के लिए हमेशा ही तत्पर रहती है। आगे भी हम सब मिलजुल कर सेवा में तत्पर रहेंगे। इस दौरान सर्दी से बचाव के लिए जरूरतमंद 200 महिला पुरुषों को कंबल वितरण किए गए। कार्यक्रम में भानूप्रकाश पलसानिया, पार्षद रोशन बागड़ी, कानाराम यादव, ताराचंद यादव, सतीश गोस्वामी, रोहिताश चेची, रामलाल भांभू, महेन्द्र चेची समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दो दिवसीय धार्मिक कार्य क्रम का समापन

पावटा। ग्राम पंडितपुरा स्थित ठाकुर जी मंदिर में शिव परिवार और राधा कृष्ण की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। संयोजक ठाकुर जी सेवा समिति पंडितपुरा पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 जनवरी शनिवार को सुबह 9.30 बजे पंडितपुरा में नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा भेरुजी के मंदिर से शुरू होकर गांव के मुख्य रास्ते से गुजरती हुई मंदिर परिसर पर पहुंची । इस दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रियों का स्वागत किया । वहीं उन्होंने बताया कि ठाकुर जी मंदिर में शिव पार्वती और राधा कृष्ण की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन रविवार को मंत्रोच्चार व विधि विधान से संपन्न हुआ ह वहीं रविवार को प्रात 12.15 बजे से मुक्कड़ म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुकेश मुक्कड़ गायक कलाकार, रिया राठी, माही शेखावाटी द्वारा नृत्य, विक्की कॉमेडियन द्वारा कॉमेडी प्रस्तुति दी गई। महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को मूर्ति प्रतिष्ठा , पूर्णाहुति , प्रसादी वितरण, भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित

कोटपूतली। कस्बे के वार्ड नं. 02 अम्बे कॉलोनी में रविवार को राधा गोविंद जी, हनुमान जी, नंदीश्वर जी, कीर्ति स्तंभ की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आचार्य गोकुल चंद के सानिध्य में पूर्ण विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर श्रद्धालू विवेक सैनी, कैलाश चंद जांगिड़, सुभाष चंद जांगिड़ द्वारा पूजा अर्चना कर हवन किया गया। इस दौरान सुंदरलाल सैनी, रामजीलाल सैनी, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कमांडर बाबूलाल, सुभाष शर्मा, मुकेश जांगिड़, नत्थूलाल जांगिड़, रामसिंह सैनी, रमेश सैनी, श्रीराम मिस्त्री, ताराचंद अध्यापक, महेश शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

शिविर में 52 रोगियों की हुई जांच

निवाई। सामुदायिक चिकित्सालय दतवास में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर विष्णुकांत खंगार ने टीबी के लक्षण, कारण और उपचार पर विस्तार से जानकारी दी। शिविर में 52 लोगों की टीबी स्पूटम की जांच की गई। इस अवसर पर लोगों को टीबी से बचाव और समय पर जांच करवाने के महत्व पर जागरूक किया गया। शिविर का उद्देश्य टीबी रोग की पहचान और उपचार सुनिश्चित करना है।